Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**



**Year-**15 **Issue-** 19
Ghaziabad, Sunday, 08 October- 2023

08 October to 14 October- 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

Email: editor@tbam.co.in


## यूपी में अब नहीं चलेगी डॉक्टरों की मनमानी



टीबीसी न्यूज


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब डॉक्टरों की मनमानी नहीं चलेगी। डॉक्टरी पेशा को जनसेवा कहा जाता है लेकिन प्रदेश के कुछ डॉक्टरों ने इस पेशे को बदनाम कर दिया है। सरकारी डॉक्टरों ने तो पेश के नियम को तार तार कर दिया है। प्रदेश में 631 डाक्टर ऐसे हें जो बिना बताए नौकरी से गायब चल रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई इस सूची में ज्यादातर स्थाई पदों पर भर्ती हुए चिकित्सक हैं। इस पर सरकार ने अब कड़ा रूख अपना लिया है। सरकार अब ऐसे डॉक्टरों को नौकरी से हटाने का फैसला लिया है। अभी तक 65 डाक्टरों को बर्खास्त किया जा चुका है। शासन स्तर पर स्क्रीनिंग कर एक के बाद एक डाक्टर पर कार्रवाई की जा रही है। डाक्टरों के खाली हो रहे पदों पर भर्ती जल्द शुरू की जाएगी। ऐसे में अब आगे कार्रवाई की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि बिना बताए अनुपस्थित चल रहे डाक्टर जो विभाग द्वारा जारी नोटिस का जवाब भी नहीं दे रहे, उनकी सूची तैयार कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस सूची में ज्यादातर स्थाई चिकित्सक हैं। ऐसे में उनके खाली पदों पर नए चिकित्सकों को भर्ती किया जाएगा।

## शुभमन गिल डेंगू पॉजिटिव पाए गए

टीबीसी न्यूज



**नई दिल्ली।** विश्व कप 2023 का अहमदाबाद से आगाज हो चुका है। इससे ठीक पहले भारतीय फैंस के लिए बुरी खबर है। शुभमन गिल डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वे डेंगू की वजह से प्रैक्टिस के लिए भी नहीं गए। अब भारत के साथ ओपनिंग को लेकर संकट है। अगर शुभमन फिट नहीं हुए तो केएल राहुल और ईशान किशन में से किसी एक को मौका दिया जा सकता है। अगर शुभमन फिट नहीं हुए तो भारत रोहित के साथ किसी और खिलाड़ी को मौका देगा। ऐसी स्थिति में भारत के पास दो विकल्प है।

# Editorial

## BJP's south block

It is an established fact that it will extremely difficult for BJP to solely bank on Hindi heartland. South India accounts for about a fifth of Lok Sabha seats i.e. 130 out of a total of 543 seats. As per current status, the southern states' breakup includes 28 seats in Karnataka, 25 in Andhra Pradesh, 17 in Telangana, 39 in Tamil Nadu, 20 in Kerala, and one in the Union territory of Puducherry. In the 2014 Lok Sabha election, the BJP won 21 seats from this pool of 130 and increased its tally to 29 in the 2019 polls. The vast majority of these victories for the BJP came from Karnataka— 18 in 2004, 19 in 2009, 17 in 2014 and 25 in 2019 but this crucial state has been snatched by Congress party which will try to exploit assembly polls victory in Lok Sabha elections.

Political observers do not rule out the latent reason of Sanatan Dharma controversy intentionally started by chief minister, M.K. Stalin's son Udhayanidhi Stalin who favored its eradication as it divides society on the basis of caste and religion. Central and state BJP leader had vehemently condoned Udhayanidhi and expected strong reaction from TN AIADMK leaders who preferred to be silent which had infuriated high command. But AIADMK's survival will depend upon the issues like Sanatan Dharama which may in consonance with anti-Hindi mindset of Southern people. Nothing is impossible in politics hence AIADMK may also hope against hope to have alliance with Congress by offering 20 out of 39 seats? But chances may not be very bright as CM, Stlain enjoys personal close rapport with Rahul and Sonia Gandhi who have been working in tandem. The BJP this time is finding it difficult to gain in southern states. The walkaway of AIADMK has made it more difficult for the saffron party to get some seats. Karnataka, where BJP gained in last election, is posing stiff challenges for it, as it is the home state of Cong Prez Mallikarjun Kharge.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Sanatana Dharma only religion, rest all sects: Yogi Adityanath

**TBC News**



Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath on Monday emphasised the significance of Sanatana Dharma, stating that it is the only religion and the rest of all are sects and methods of worship.

Speaking at the 'Shrimad Bhagwat Katha Gyan Yagya' event, Yogi Adityanath said, 'Sanatana Dharma is the only religion, the rest are all sects and methods of worship. Sanatan is the religion of humanity and if it is attacked then there will be a crisis for humanity across the globe'.

Addressing the people, the Chief Minister underlined the importance of having an open mindset to truly grasp the essence of Shrimad Bhagwat.

Yogi Adityanath also said that narrow-minded perspectives struggle to encompass the vastness of its teachings.

Yogi Adityanath's statement came amid the ongoing controversy over Tamil Nadu minister and MK Stalin's son Udhayanidhi's "eradicate Sanatan Dharma" remarks.

While speaking at an event last month, Udhayanidhi stoked a row with his anti-Sanatana Dharma remarks that led to a heated debate across the country, especially with the BJP targeting him over the issue.

Udhayanidhi compared Sanatana Dharma with 'dengue' and 'malaria' and said that it should not just be opposed, but 'eradicated'. Udhayanidhi Stalin even claimed that Sanatana Dharma was against social justice and equality.

Speaking at the Digvijay Nath Smriti Auditorium of the temple in Gorakhpur, Adityanath, who is also the Gorakshpeethadhishwar, stressed the importance of having an open mindset to understand the essence of Shrimad Bhagwat.

"Narrow-minded perspectives struggle to comprehend its vastness," he added.

Adityanath told the devotees that the Bhagwad Katha teachings they listened to for seven days would bring positive changes in their lives.

He reminded everyone that the "story of Bhagwat is boundless and cannot be confined to specific days or hours".

"It flows endlessly, and devotees continuously absorb its essence into their lives," the chief minister said.

The Gorakshpeethadhishwar also expressed pride in being an Indian and said that it is a rarity to be born in India and even rarer to be born as a human. Sanatan dharma can not be taken as a granted.

# Yogi govt plans to make krishi kumbh a global event

**TBC News**



**LUCKNOW:** Chief Minister Yogi Adityanath has decided to organise the second edition of Krishi Kumbh (agriculture fair) in the coming December. The earlier edition, a first-of-its-kind, was held in 2018, a year after the BJP government came to power in Uttar Pradesh.

According to a government official, the aim is to make farmers from across the country and the world familiar with the state's agriculture and its practices and enhance their technical awareness, new agricultural technologies and innovations.

New farming and agricultural practices in various countries, including Japan, Israel, Germany and the US, will also be displayed and taught. The discussions will be held on challenges related to cow-based natural farming, climate change preparedness, encouragement for sustainable agriculture, entrepreneurship based on FPOs, cost reduction in farming, and efforts to increase the contribution of the agriculture sector in making the state a one trillion dollar economy.

Various agriculture techniques through lectures, demonstrations and agricultural exhibitions will be showcased.

Recently, at a meeting presided over by Adiyanath, it was decided to make possible participation of two lakh farmers in the fare. He has also instructed authorities to invite esteemed national and international agricultural companies and organisations, agricultural universities, agricultural science centres, and progressive farmers to the event.

In the first Krishi Kumbh, over 300 companies and organisations took part and the event generated revenue of around Rs 2 crore. The event will be organised at the Indian Sugarcane Research Institute in Lucknow.

# NewsClick's alleged links to China




On Tuesday (Oct 3), around 500 personnel of Delhi Police raided over 100 locations in the National Capital Region (NCR) and Mumbai linked to web news portal NewsClick and its journalists.

NewsClick, founded in 2009, is known for severely criticising the Narendra Modi-led government of the ruling BJP.

News agency PTI reported that police seized laptops and mobile phones of some of the journalists. NewsClick editor-in-chief Prabir Purkayastha and journalists Abhisar Sharma and Urmilesh were among those targeted in the raids.

So far, Prabir Purkayastha and Amit Chakraborty, a shareholder in the company, have been arrested by police under the anti-terror Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA).

As per a report by PTI, the journalists were handed over a list of 25 questions, related to farmers' protests against the Modi government and Delhi's Shaheen Bagh protests against the citizenship law.

The action against NewsClick comes months after a damning New York Times report which revealed that the web portal was linked to a China-backed media machine.

The report alleged that NewsClick received millions in funding from American billionaire Neville Roy Singham, a close associate of the Chinese government. The report also highlighted some content published by NewsClick, aimed at pushing the narrative generally peddled by Chinese media and government.

For example, the portal published a series of articles highlighting 'China's steps to contain the Covid-19 pandemic.' It also published a video titled "China's history continues to inspire the working classes". But the government's action against NewsClick didn't start after the New York Times report. India's financial watchdog Enforcement Directorate (ED) had begun investigating foreign funding of NewsClick in 2021 itself.

According to media reports, ED's investigation revealed that NewsClick received $4.56 million (INR 38 crore) in foreign funding over a period of three years.

The funds were then allegedly distributed to several controversial journalists, including Gautam Navlakha and associates of Teesta Setalvad.

A search was carried out by the ED at the offices of PPK Newsclick Studio and its associated entities and their Directors and shareholders (ten entities) located in Delhi NCR under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA).

# दुनिया का सबसे पहला सेवा संगठन है रोटरी क्लब

रोटरी इन्टरनेशनल रोटरी क्लबों का संगठन है। रोटरी क्लब संसार भर में सेवा करने वाले क्लब हैं। यह एक सेक्युलर संगठन है जो जाति, लिंग, वर्ण या राजनैतिक विचारधारा के भेदभाव के बिना सबको सदस्य बनाती है। संसार में 32 हजार से अधिक रोटर क्लब हैं जिसमें 13 लाख से अधिक लोग सदस्य हैं। रोटरी, व्यापार और पेशेवर लोगों का विश्वव्यापी संगठन है, जो मानवीय सेवा, सभी व्यवसायों में उच्च नैतिक स्तर को बढ़ावा देने और दुनिया में शांति और सद्भावना के निर्माण में सहायता देने हेतु विश्वव्यापी रूप से एकजुट होकर कार्यरत है।

रोटरी के सदस्यों को रोटेरियंस कहा जाता हैं और वें पहनी हुई लेपल पिन के द्वारा आसानी से पहचाने जाते हैं। रोटरी व्हील, रोटरी इंटरनेशनल का आधिकारिक लोगो है। रोटरी का आदर्श वाक्य है-सेवा स्व से ऊपर। रोटेरियंस, स्थानीय रोटरी क्लब के सदस्य होते है और उनके क्लब द्वारा निर्धारित समय पर, हर हफ्ते एक बार मिलते हैं। विश्व भर में फैले असंख्य स्थानीय रोटरी क्लब रोटरी इन्टरनेशनल संस्था के आधार स्तंभ है। विश्व के 163 देशों में स्थापित 32 हजार क्लबों में 13 लाख से भी ज्यादा रोटेरियंस कार्यरत हैं।

प्रशासनिक सुविधा के लिए, स्थानीय क्लबों को एक जिले में शामिल किया जाता है जिसका एक विशेष नम्बर होता है। 1985 में पॉल हैरिस, जो पेशे से वकील थे और अन्य तीन लोगों ने मिलकर, अमरीका के शिकागो में रोटरी की स्थापना की। रोटरी दुनिया का सबसे पहला सेवा संगठन बना।

रोटरी का वास्ता है - सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। रोटरी की गतिविधियां,




विशेष रूप से स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गये कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है।

**रोटरी के चार उद्देश्य**

आपसी परिचय को बढ़ाना ताकि सेवा के नित्य नये अवसर मिल सकें।

व्यापार व व्यवसाय में उच्च नैतिक आदर्शों की स्थापना करना। प्रत्येक आजीविका/व्यवसाय को सम्मान की दृष्टि से देखना और हर रोटेरियन की आजीविका को समाज सेवा का एक माध्यम /अवसर मानते हुए सम्मान प्रदान करना।

प्रत्येक रोटेरियन के निजी, व्यावसायिक व सामाजिक जीवन में सेवाभावना के आदर्श को समाहित करना।

अन्तरराष्ट्रीय समझ, सद्भावना व शान्ति को ऐसी व्यापारिक व व्यावसायिक गतिविधियों के सहारे से बढ़ावा देना जो सेवा भावना से ओतप्रोत हों।

**सेवा के चार आयाम**

1- अपने क्लब को शक्ति व अपनी सामर्थ्य भर सहयोग देना।

2- अपने व्यवसाय / व्यापार / सेवा कार्य में अधिकतम सफलता हासिल करना। यह निरंतर ध्यान रखना कि दीर्घकालिक सफलता चतुर्मुखी परीक्षा पर खरे उतर कर ही हासिल हो सकती है।

3- हर आजीविका समाज सेवा का ही एक माध्यम है, अतः एक सफल कार्यकारी बन कर अपने समाज के धन, वैभव, प्रतिष्ठा, सुख-सुविधा में उत्तरोत्तर श्रीवृद्धि करना। जो किन्ही कारणों से, आपके जितना सफल नहीं हो पा रहे हैं, उनकी ओर सहायता का हाथ बढ़ाना ताकि वे भी आपके साथ कदम से कदम मिला कर चल सकें।

4- रोटरी की इस भावना व ध्येय को अन्तर्राष्ट्रीय विस्तार दे कर वैश्विक स्तर पर सद्भावना व सहयोग बढ़ाना दुनिया का सबसे पहला सेवा संगठन है रोटरी क्लब

रोटरी इन्टरनेशनल रोटरी क्लबों का संगठन है। रोटरी क्लब संसार भर में सेवा करने वाले क्लब हैं। यह एक सेक्युलर संगठन है जो जाति, लिंग, वर्ण या राजनैतिक विचारधारा के भेदभाव के बिना सबको सदस्य बनाती है। संसार में 32 हजार से अधिक रोटर क्लब हैं जिसमें 13 लाख से अधिक लोग सदस्य हैं। रोटरी, व्यापार और पेशेवर लोगों का विश्वव्यापी संगठन है, जो मानवीय सेवा, सभी व्यवसायों में उच्च नैतिक स्तर को बढ़ावा देने और दुनिया में शांति और सद्भावना के निर्माण में सहायता देने हेतु विश्वव्यापी रूप से एकजुट होकर कार्यरत है।

रोटरी के सदस्यों को रोटेरियंस कहा जाता हैं और वें पहनी हुई लेपल पिन के द्वारा आसानी से पहचाने जाते हैं। रोटरी व्हील, रोटरी इंटरनेशनल का आधिकारिक लोगो है। रोटरी का आदर्श वाक्य है-सेवा स्व से ऊपर। रोटेरियंस, स्थानीय रोटरी क्लब के सदस्य होते है और उनके क्लब द्वारा निर्धारित समय पर, हर हफ्ते एक बार मिलते हैं। विश्व भर में फैले असंख्य स्थानीय रोटरी क्लब रोटरी इन्टरनेशनल संस्था के आधार स्तंभ है। विश्व के 163 देशों में स्थापित 32 हजार क्लबों में 13 लाख से भी ज्यादा रोटेरियंस कार्यरत हैं।

प्रशासनिक सुविधा के लिए, स्थानीय क्लबों को एक जिले में शामिल किया जाता है जिसका एक विशेष नम्बर होता है।

1985 में पॉल हैरिस, जो पेशे से वकील थे और अन्य तीन लोगों ने मिलकर, अमरीका के शिकागो में रोटरी की स्थापना की। रोटरी दुनिया का सबसे पहला सेवा संगठन बना।

रोटरी का वास्ता है - सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। रोटरी की गतिविधियां, विशेष रूप से स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गये कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है।

## मेवाड़ में 73 हस्तियों को किया गया मां शारदा नेशनल अवार्ड से सम्मानित







टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के ऑडिटोरियम में आयोजित मां शारदा नेशनल आइकॉनिक अवार्ड्स 2023 समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 73 हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया, अरिहंत चेरिटेबल एजुकेशनल ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. अलका अग्रवाल और एके. एजुकेशन एंड मीडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष आलोक कुमार ने दीप जलाकर की।

गायक गौरव शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलर्स टीवी के डांस दीवाने में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध यश शर्मा ने मनमोहक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एंजेल्स डांस अकादमी ने ऊर्जावान समूह नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योग सम्राट प्रवीण पाठक ने स्फूर्तिदायक योग कराया। भगत सिंह सेवादल के प्रमुख पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने निस्वार्थ सेवा और देशभक्ति से प्रेरक विचार साझा किए।

राष्ट्रीय सेवक समिति मेरठ की समन्वयक दीप्ति शर्मा ने सभी को समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। वेद कथावाचक आचार्य दुष्यन्त ने आधुनिक युग में वेदों की प्रासंगिकता और इसकी अवधारणाओं व महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मेवाड़ विश्वविद्यालय के मेवाड़ महोत्सव ह्यसंस्कृतिह्न का पोस्टर भी लॉन्च किया गया। आलोक कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन वंदेमातरम गीत के साथ हुआ। संचालन रंजना मिश्रा और आलाक कुमार ने किया।

## परिषदीय विद्यालय भी देंगे कान्वेंट स्कूल को टक्कर



टीबीसी न्यूज

**नोएडा।** जिले के हर ब्लॉक के दो परिषदीय विद्यालय कान्वेंट स्कूल को टक्कर देंगे। इन स्कूलों में पीएम श्री योजना के तहत स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब का निर्माण होगा। शासन ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के अलावा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारियों को भी इन स्कूलों का निरीक्षण कर फरवरी तक कार्य पूरा कराने के आदेश दिए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि पीएम श्री के दूसरे फेज के तहत स्कूलों में कार्य कराए जा रहे हैं। आठ विद्यालयों को योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। साथ ही इस मामले में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। बताया जा रहा है कि बिसरख, दादरी, जेवर और दनकौर ब्लॉक से पीएम श्री के तहत दो-दो विद्यालय चयनित किए गए हैं। पीएम श्री के स्कूल अपने क्षेत्रों के अन्य स्कूलों को इंटर्नशिप प्रदान कर उनका नेतृत्व करेंगे। इन आठ विद्यालयों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें सौर पैनल और प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान और संचयन से संबंधित परंपराओं-प्रथाओं के अध्ययन के अनुकूल पहलुओं को भी शामिल किया जाएगा।

## गुरुकुल द स्कूल में हिंदी कार्यशाला का आयोजन






टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गुरुकुल द स्कूल में 30 सितंबर, 2023 शनिवार को फुल मार्क्स के तत्वाधान में कला समाहित हिंदी भाषा शिक्षणः एक अवलोकन (नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में) पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 55 सीबीएसई विद्यालयों के 180 से भी ज्यादा हिंदी शिक्षकों ने भाग लिया। विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. रवि प्रकाश गुप्त (भूतपूर्व क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय हिंदी संस्थान, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय भारत सरकार) को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की सीनियर मेंटॉर श्रीमती अंजलि मलिक ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया और कहा कि हिंदी भाषा द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सशक्त सम्प्रेषण, जो कि इक्कीसवीं सदी के महत्वपूर्ण कौशल हैं, उन्हें निखारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी बेहद लोकप्रिय भाषा है। विषय विशेषज्ञ ने नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा और हिंदी भाषा के महत्व को समायोजित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, समावेशी शिक्षण और कला समेकित शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रही। सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यशाला का समापन किया गया।

# फिल्म जवान देखकर वंचित बच्चों के चेहरों पर आई खुशी





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब आफ दिल्ली इस्ट एंड और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन ने आरएचएम फाउंडेशन के सहयोग से स्कूली बच्चों को फिल्म जवान दिखाई। फिल्म देखने को लेकर बच्चों में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। आरएचएम यानि रहम फाउंडेशन की पहल पर साहिबाबाद गांव स्थित विजय लक्ष्मी विद्यालय के कुछ 110 बच्चों को शाहरुख खान की फिल्म जवान दिखाई गई। लिंक रोड स्थित गैलेक्सी मूवी थिएटर में गुरुवार को आयोजित स्पेशल स्क्रीनिंग में बच्चों ने फिल्म का आनंद लिया। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण को देखते ही बच्चे खुशी से उछल गए। तानिया ने कहा कि फिल्म बेहद अच्छी थी। शाहरुख खान की एक्टिंग का जवाब नहीं। फिल्म इमोशन, एक्शन से भरपूर है। छात्र अजय तितौरिया ने बताया कि शाहरुख खान की फिल्म देखने को लालायित थे, जिसे रहम फाउंडेशन ने पूरा कर दिया। फिल्म में शाहरुख खान की भूमिका जानदार लगी। काफी लंबे समय के बाद बढ़िया फिल्म देखने को मिला। एक और छात्र हिमांशु तितौरिया ने बताया कि फिल्म की कहानी आम लोगों से जुड़ी हुई है। एक जवान की जिसकी जिंदगी खराब सरकारी सिस्टम की वजह से खराब हो जाती है और फिर किस तरह से उसका बेटा इस सिस्टम का ही इस्तेमाल करके सिस्टम ठीक करता है। कहानी में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई है, गरीबों के हक की बात है। ये फिल्म शानदार है।







आरएचएम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि रोटरी क्लबों की ओर से अंडर प्रीवीलेज्ड बच्चों को फिल्म दिखाने का फैसला इसलिए लिया गया ताकि उन्हें यह महसूस न हो कि पैसे के अभाव में वे मनोरंजन नहीं कर सकते हैं। रोटरी का उद्देश्य भी यही है कि समाज के सभी वर्गों की सेवा की जाए। फिल्म देखकर बच्चे बेहद खुश नजर आए। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की ओर से प्रतीक भार्गव, संदीप इंदौरिया और समीर आनंद ने बच्चों का उत्साहबर्द्धन किया। प्रतीक भार्गव ने बताया कि बच्चों ने पूरी फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान जमकर आनंद लिया। इस मौके पर आरएचएम के सचिव रो. दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रो. मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब आफ दिल्ली ईस्ट के अध्यक्ष यतिंदर कालरा और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के लिए श्रमदान करने में बना रिकॉर्ड, साफ-सफाई के लिए जुड़े 8.75 करोड़ लोग

टीबीसी न्यूज

**नई दिल्ली।** 1 अक्टूबर की सुबह दस बजे एक नया इतिहास रचा गया। एक तारीख एक घंटा एक साथ अभियान को जनता का व्यापक समर्थन मिला। करोड़ों लोगों ने श्रमदान कर लाखों स्थानों को साफ-सुथरा बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। इसमें सरकारी, गैर-सरकारी, सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक संगठनों के स्वंयसेवकों, कार्यकताओं और सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने 1 अक्टूबर की सुबह 10 बजे एक घंटे के लिए स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की अपील की थी। इस कार्यक्रम को लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयोजित इस मेगा स्वच्छता अभियान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, गांवों और शहरों की भागीदारी देखी गई। साफ-सफाई के इस कार्यक्रम में 8.75 करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया। जनता की सामूहिक भागीदारी से 9 लाख से अधिक स्थलों को साफ-सुथरा भी बनाया गया। इसके तहत सड़कों, राजमार्गों और टोल प्लाजा, रेलवे ट्रैक और स्टेशनों, टोल प्लाजा, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, विरासत और पर्यटक स्थानों, आवासीय कॉलोनियों, जल निकायों, पूजा स्थलों, मलिन बस्तियों, बाजार क्षेत्रों, हवाई अड्डों और आसपास के क्षेत्रों, चिड़ियाघर और वन्यजीव क्षेत्र, गौशालाएं आदि में सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान ने देश, पंचायतों, नगर पालिकाओं, जिलों और राज्य की सीमाओं से आगे बढ़कर एकजुट करने का कार्य किया। इसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मंत्री, नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, आम लोग शामिल हुए। इस अभियान को



सफल बनाने के लिए स्वयंसेवकों, एसएचजी, गैर सरकारी संगठनों, आरडब्ल्यूए, बाजार संघों, उद्योग निकायों, धार्मिक नेताओं, मशहूर हस्तियों, प्रभावशाली लोगों, यूट्यूबर्स, कलाकारों आदि ने मिलकर काम किया। इसमें युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुलभ इंटरनेशनल सामाजिक सेवा संगठन, माता अमृतानंदमयी के आश्रमों, अमृता संस्थानों के समूह, ईशा फाउंडेशन, बाबा रामदेव योगपीठ, इस्कॉन, वक्फ बोर्ड, गुरुद्वारा स्वयंसेवक, रोटरी क्लब, आगा खां फाउंडेशन, रामकृष्ण मिशन जैसे संगठनों ने भी भागीदारी की। बीएमजीएफ, यूएसएआईडी, यूनिसेफ, जीआईजेड जैसे सेक्टर भागीदारों ने भी स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले नौ वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन को जारी रखने के लिए नई-नई पहल करते रहे हैं। इसी कड़ में उन्होंने 30 सितंबर, 2023 को सोशल मीडिया में पोस्ट कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लेकर एक घंटे श्रमदान करने की अपील की थी। उन्होंने अभियान के संबंध में एक तारीख, एक घंटा, एक साथ का नारा दिया था। इससे पहले मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने 1 अक्टूबर की सुबह 10 बजे स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने की अपील करते हुए कहा कि बापू की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें स्वच्छांजलि दी जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल का परिणाम है कि एक ही घंटे में इतनी बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ आकर दुनिया में अपनी तरह का अनोखा प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और जनता की भागीदारी से 2026 तक कचरा मुक्त भारत बनाने का सपना साकार होगा।

# जिलाधिकारी ने फीता काट किया नवीन विद्यालय भवन का उदघाटन

टीबीसी न्यूज

**गाज़ियाबाद।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय हिंडन विहार, के नए बने भवन का उदघाटन किया। इस विद्यालय के नवीनीकरण और सौन्दर्यीकरण का कार्य परवरिश केयर्स फाउंडेशन द्वारा अनमोल बिस्कुट के सीआरएस फण्ड के माध्यम से कराया गया। इस नवीन विद्यालय भवन का उद्घाटन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह और अनमोल बिस्कुट के मालिक गोविंद ने फीता काट कर शुभारम्भ किया गया।

परवरिश संस्था के महासचिव फराज खान ने विद्यालय की पहले की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का भवन काफी खराब हालत में था। कभी भी कोई घटना हो सकती थी। जिसे देखकर इसकी मरम्मत कराई गई।

साथ ही विद्यालय में नए काम जैसे रसोई घर,



अध्यापक शौचालय आदि की भी मरम्मत कराई गई। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने किये गए सौन्दर्यीकरण और नवीनीकरण की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय परिसर में एक स्मार्ट क्लास बनवाने की सलाह दी।

परवरिश संस्थान के महासचिव फराज खान ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय, गाजियाबाद, रामवीर तंवर, परवरिश संस्थान के अध्यक्ष सुशांत कालरा, खण्ड शिक्षा अधिकारी (सिटीजोन) एवं (विजय नगर जोन) नगर क्षेत्र गाजियाबाद, तथा अन्य सदस्य सहित आरडब्ल्यूए हिंडन विहार उपस्थित रहे ।

## दयाल पब्लिक स्कूल में कला प्रतियोगिता का आयोजन

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** विजयनगर सेक्टर-12 स्थित दयाल पब्लिक स्कूल में पर्यावरण व भारत की बेटी पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में कक्षा 6 से लेकर 8 तक के छात्रों ने भाग लिया। ध्रुव कक्षा 8 ने प्रथम स्थान, आयुष कक्षा 8 ने द्वितीय स्थान लियोन कक्षा 5 ने तृतीय स्थान तथा जानवी और पल्लवी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। भारत की बेटी प्रतियोगिता में नितेश कक्षा 8 में प्रथम स्थान ध्रुव कक्षा 7 में सेकंड स्थान तथा देवेंद्र कक्षा 8 में थर्ड स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सतविंदर कौर व उप प्रधानाचार्य दीपेंद्र कौर ने सभी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सरदार दामोदर सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

# स्वच्छता पखवाड़े में 901 प्वाइंट के साथ गाजियाबाद आया यूपी में प्रथम

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जन सहयोग से 901 गंदगी के प्वाइंट को साफ किया गया। उनको सफलतापूर्वक पोर्टल पर अपलोड किया गया। जिस प्रकार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गाजियाबाद को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के क्रम में कई इवेंट गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। जिसमें 154 घंटे निरंतर सफाई, हिंडन नदी तट पर प्लागरण कार्यक्रम, रात्रिकालीन सफाई अभियान व अन्य कार्यक्रम शहर को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु किए गए। इसमें जनप्रतिनिधियों का विशेष




सहयोग निगम को प्राप्त हुआ। एसबीएम टीम के अंतर्गत एचएमएस से सूरज व अन्य टीम का भी विशेष योगदान मिला। 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित 1 घंटे के विशेष सफाई अभियान में 901 गंदगी के प्वाइंट को साफ करते हुए शहर में विशेष सफाई अभियान के तहत स्वच्छता महोत्सव मनाया गया। इसमें पार्षदों तथा शहर के जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा। समस्त वार्डों में भी विशेष सफाई व्यवस्था रही जन-जन को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया।




महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के क्रम में उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद को प्रथम आने पर शहरवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। स्वच्छता सर्वेक्षण में पुनः गाजियाबाद को नंबर वन बनाने के लिए टीम का उत्साहवर्धन किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने बताया कि महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में सफलतापूर्वक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के पोर्टल पर गाजियाबाद को प्रदेश में नंबर वन पर दर्शाया जा रहा है, जो सराहनीय है।

अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में निगम अधिकारियों ने विशेष योजना बनाकर कार्य किया गया। जिसमें समस्त विभागीय अधिकारी, जोनल प्रभारी, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, एनजीओ व स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर का भी विशेष सहयोग निगम को प्राप्त हुआ।

# ग्लोबल भार्गव महिला सभा ने जूम के जरिए किया 'नुपूर की झंकार' का शानदार आयोजन






टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** ग्लोबल भार्गव महिला सभा, रजिस्टर्ड की ओर से रविवार को समाज में संवाद और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए एकजुटता बनाए रखने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'नुपूर की झंकार' नाम से आयोजित कार्यक्रम में भार्गव समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने समाज की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति पर अपनी राय पेश की। जूम के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने गीत-संगीत पेश कर इसे और रोचक बना दिया।

अखिल भारतीय भार्गव सभा के अध्यक्ष नरेश भार्गव ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि एकजुटता से ही समाज का उत्थान होता है। समाज के हर परिवार के सुख दुख का साथी बनना होगा, तभी समाज के सभी परिवारों में खुशहाली आएगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष दिनेश भार्गव ने कहा कि भार्गव समाज अपनी बौद्धिकता और सामाजिक संपन्नता के कारण जाना जाता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। ऐसे कार्यक्रम बीच बीच में होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को प्रधानसचिव एचएन भार्गव और पूर्व अध्यक्ष एसएन भार्गव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को जूम पर प्रतीक भार्गव ने कोर्डिनेट किया। कार्यक्रम में कुल 59 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अलग-अलत तरह के गीत-संगीत से सजे कार्यक्रम पेश किए। तीन जजों की समिति ने विजेताओं का चयन किया। इस समिति में सभी तीन जजों को भार्गव समाज से अलग चयन किया गया। इनमें डॉ. नेहा विश्वकर्मा, डॉ. गुंजन जोशी और तरुणा सिंह शामिल थीं। जजों की समिति ने प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता को उम्र के तहत चार ग्रुपों में बांटा गया था। 66 वर्ष से अधिक उम्र में मेरठ की गायत्री प्रथम, बिकानेर की अरुणा द्वितीय और कानपुर की मधु तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि दिल्ली की निरुपमा को सान्त्वना पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार 51 से 65 वर्ष आयु वर्ग में आगरा की प्रीती को प्रथम, जयपुर की रूचि को द्वितीय, आगरा की अलका को तृतीय और कानपुर की रेनू, जोधपुर की अमिता और जयपुर की संगीता को सांन्त्वना पुरस्कार दिया गया। 36 वर्ष से 50 वर्ष आयुवर्ग में सिरोंज की रितू को प्रथम, ठाने की तनु, जयपुर की अनुप्रीती, अजमेर की पारूल को संयुक्त रूप से द्वितीय और कानपुर की अंजना को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस्‍ाके अलावा लखनऊ की पुष्पा, लखनऊ की पूजा, जयपुर की प्रीति, सिरोंज की सीता और लखनऊ की मयूरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। 18 से 35 वर्ष के आयु वर्ग में भोपाल की नीलू को प्रथम पुरस्कार दिया गया। उज्जैन की रिशाने को द्वितीय और कानपुर की पूजा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा भोपाल की सौम्या, दिल्ली की दर्शिता, मुंबई की आस्था, ग्वालियर की दीक्षा, मथुरा की राधिका, अलवर की वंशिका, सिरोंज की मुस्कान और मथुरा की प्राची को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपए नगद और सर्टिफिकेट दिए गए। द्वितीय पुरस्कार के रूप में 31 सौ रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 सौ रुपए का नगद इनाम और सर्टिफिकेट दिए गए। इसके अलावा 20 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 500 रुपए का इनाम दिया गया। पहले ग्रुप के पुरस्कार को उत्तरा भार्गव ने प्रायोजित किया। दूसरे ग्रुप के पुरस्कारों को रश्मि भार्गव, तीसरे ग्रुप के पुरस्कारों को उर्मिला भार्गव और चौथे ग्रुप के पुरस्कारों को शोभा भार्गव ने प्रायोजित किया। अन्य प्रायोजकों में दिल्ली की मिथिलेश, दिल्ली की प्रतिमा और गोपालपुरा, जयपुर की शोभा शामिल थीं। इस मौके पर सचिव जोधपुर के प्रमोद भार्गव ने सभी प्रायोजकों और आयोजकों का आभार जताया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. ाजय लक्ष्मी भार्गव और डॉ. रेनू भार्गव थी। सुमन भार्गव ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। कार्यक्रम में आरएचएएम के संस्थापक अध्यक्ष ॉ. धीरज कुमार भार्गव और कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव भी शामिल हुए।

**एकजुटता से ही समाज का उत्थान होता है। समाज के हर परिवार के सुख दुख का साथी बनना होगा, तभी समाज के सभी परिवारों में खुशहाली आएगी।** – *नरेश भार्गव अध्यक्ष, अखिल भारतीय भार्गव सभा*

**भार्गव समाज अपनी बौद्धिकता, सेवा कार्य, और सामाजिक संपन्नता के कारण जाना जाता है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।** – *दिनेश भार्गव उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय भार्गव सभा*

**प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपए नगद और सर्टिफिकेट दिए गए। द्वितीय पुरस्कार के रूप में 31 सौ रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 सौ रुपए का नगद इनाम और सर्टिफिकेट दिए गए।**

## रोटरी क्लब गुड़गांव ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**गुड़गांव।** रोटरी क्लब गुड़गांव ने सामाजिक संगठन क्रिएट होप इन द वर्ल्ड के सहयोग से पिछले दिनों रक्तदान शिविर का आयोजन किया। फेज-टू इंडस्ट्रीयल एस्टेट स्थित नेत्रिका कंसलटिंग इंडिया में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में रोटरी के सदस्य व आम लोगों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय कौशिक ने कहा कि रोटरी क्लब के सदस्यों ने शिविर में भाग लेकर अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति निष्ठा को दर्शाया है। शिविर में एकत्र किए गए रक्त को ब्लड बैंक और अस्पताल को दिए गए हैं, जहां से कोई भी जरूरतमंद इसे हासिल कर सकता है।

क्लब के सचिव अरुण गोयल ने कहा कि रक्तदान शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच के बाद ही उन्हें रक्तदान करने की अनुमति दी गई। सेवा प्रकल्प के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब की ओर से पूरे साल स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़े कार्यों को लेकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रतन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य व अन्य लोग उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ नोएडा ने किया कॉनक्लेव का आयोजन




**नोएडा(टीबीसी न्यूज)।** रोटरी क्लब ऑफ नोएडा की ओर से उमंग इंटरैक्टर्स कॉनक्लेव का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। बुधवार को नोएडा के मयूर स्कूल में आयोजित कॉनक्लेब में दो सौ से ज्यादा इंटरैक्टर्स शामिल हुए। नोएडा व आसपास के आठ स्कूलों के बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ कॉनक्लेव में भाग लिया। पीजीडी रो. शरत जैन और डिस्ट्रिक्ट इन्टरैक्ट चेयर रो. सचिन वत्स के मार्गदर्शन में आयोजित कॉनक्लेव बेहद सफल रहा। रोटरी क्लब ऑफ नोएडा के अध्यक्ष रो. निर्मेष सिंह ने बताया कि मयूर स्कूल, जहां यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, वहां से करीब 150 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। कॉनक्लेव में छात्र-छात्राओं ने इन्टरैक्ट क्लब के कार्य एवं प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी हासिल की। रो. शरत जैन और रो. सचिन वत्स ने छात्र-छात्राओं के सभी सवालों का जवाब दिया। उन्होंने रोटरी क्लब और इंटरैक्ट क्लब के उददेश्य, संरचना और कार्यों के बारे में गहराई से जानकारी दी। सचिव रो. मेघना कपूर, कोषाध्यक्ष रो. प्रदीप गोयल समेत बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य व अन्य लोग उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली कैपिटॉल ने किया रक्तदान शिविर




**मेरठ।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली कैपिटॉल ने अपना पहला रक्तदान शिविर शांति इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेरठ में आयोजित किया। तीन अक्टूबर को आयोजित रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि समिल के निदेशक व सीईओ समीर मल्होत्रा और विशिष्ठ अतिथि बेस्ट ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर हरजीत सिंह अरोड़ा थे। शिविर के आयोजन में रोटैरेक्ट क्लब दिल्ली कैपिटॉल ने सहयोग किया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि समीर मल्होत्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता है। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। क्लब के सदस्यों ने कहा कि एकत्र किए गए रक्त को ब्लड बैंक के पास सुरक्षित रखा जाएगा, जहां से कोई भी जरूरत मंद इसका उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से रक्तदाताओं की एक लिस्ट बनाई गई है, जो जरूरतमंदों को रक्त दे सकते हैं।

# वसुंधरा रोटरी क्लब ने फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** वसुंधरा रोटरी क्लब ने पिछले सप्ताह एसजी पब्लिक स्कूल में फ्री हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया। पार्षद भाटी ने कैंप का शुभारंभ किया। इस मौके पर डिस्टिक्ट 3012 वसुंधरा वलब के सहायक गवर्नर संजय अग्रवाल भी उपस्थित थे।

हेल्थ चेकउप प्रोग्राम को मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के सहयोग से किया। कैंप में जनरल, ऑप्थॉ, डेंटल, बीपी, आरबीएस आदि की जांच की गई।

इस प्रोग्राम को सफल बनाने मे र स्कूल के संस्थापक रो. आर आर खन्ना ने सहयोग किया। उन्होंने कहा कि उन्हें समाज मे सेवा करने का बहुत शौक है इसलिए स्कूल में इस प्रोग्राम की सहमति दी। अपनी पत्नी विभा खन्-ना के साथ इस समाजिक कार्य मे पहुंचे और लोगो का उत्साह बढ़ाया।




हेल्थ प्रोग्राम मे वसुंधरा और उसके आस पास के निवासी भारी संख्या में चेक अप कराया। सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चला जिसका फायदा आम आदमी को मिला। रोटरी क्लब के अध्यक्ष फ्ल्ल अनिल सागर, सचिव मुदित कुलश्रेष्ठ, क्लब ट्रैंनर कमल गोयल ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होंगे।

## अक्टूबर और नवंबत में अंगदान महोत्सव का होगा आयोजन

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली गिफ्ट लाइफ की ओर से अक्टूबर और नवंबत में अंगदान महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। क्लब की ओर से इस दौरान लोगों से अंगदान करने की शपथ ली जाएगी। क्लब के सदस्यों का कहना है कि क्लब अंगदान और त्वचादान की जागरूकता को समर्पित है।

किसी व्यक्ति के शरीर का कोई अंग दान करना अंगदान कहलाता है। यह अंग किसी दूसरे व्यक्ति के शरीर में ट्रांसप्लांट किया जाता है। इसके लिए डोनर के शरीर से दान किए गए अंग को ऑपरेशन के द्वारा निकाला जाता है।

शरीर के अंगों के अलावा ऊतकों को भी दान कर सकते हैं। शरीर के अंगों में यकृत, गुर्दे, अग्नाशय, हृदय,फेफड़े और आंत का दान किया जाता है। वहीं, शरीर के ऊतकों में कॉर्निया (आंख का भाग), हड्डी, त्वचा, हृदय वाल्व, रक्त वाहिकाएं, नस, कण्डरा और कुछ अन्य ऊतकों को भी दान कर सकते है।

अंग दो प्रकार से किए जाते है। पहला-जीवित अंगदान और दूसरा मृत्य अंगदान। जीवित अंगदान के मुताबिक, जो लोग अपना अंग दान करना चाहते है, वह एक वसीयत बनाते है, जिसमें लिखा होता है कि उनकी मौत के तुरंत बाद उनके शरीर का कौन-कौन सा हिस्सा दान किया जाए।

## रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल ने किया गांधी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन



टीबीसी न्यूज

**गन्नौर।** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल द्वारा शिव पार्क गन्नौर में गांधी जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मनीष सिंगला और संयम सिंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन नितिन बंसल व प्रवीण मित्तल रहे। नितिन बंसल ने अपने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर रक्तदान किया। इस शिविर में बहुमूल्य 402 यूनिट एकत्रित हुईं। रक्तदान के लिए रोटरी ब्लड बैंक सोनीपत की टीम ने सहयोग किया। इसमें प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट उपहार स्वरूप दिया गया। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने बताया कि रक्तदान करने से कई लोगों को जिंदगी मिलती है तथा हेलमेट उपहार स्वरूप इसलिए दिया गया ताकि रोड सेफ्टी में वाहन चालक का बचाव हो। इसमें क्लब के सदस्य सेक्रेटरी नितिन जैन, कैशियर गौरव जैन ,अनिल जैन, अजय त्यागी, रजत जैन, सचिन वाधवा, नरेंद्र लाकड़ा, अखिल जैन, सुरेंद्र शर्मा,अजय जैन, रोहित गोयल, दीपक जैन आदि ने हिस्सा लिया।

# रोटरी क्लब हापुड़ प्लैटिनम ने किया निशुल्क किडनी रोग परामर्श शिविर का आयोजन

टीबीसी न्यूज

**हापुड़।** रोटरी क्लब हापुड़ प्लैटिनम ने गांधी जयंती से एक दिन पहले यानि एक अक्टूबर को निशुल्क किडनी रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया। ग्रेटर नोएडा स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किडनी रोग संबंधित परामर्श कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। चंडी रोड, हापुड़ स्थित चैंबर आफ कॉमर्स में आयोजित शिविर में सर्वोदय अस्पताल के किडनी रोग विशेषज्ञ डा.अभिनव कत्याल ने 46 किडनी के रोगियों को निःशुल्क परामर्श दी।

उन्होंने कहा कि जीवन शैली में बदलाव और खानपान में लापरवाही की वजह से किडनी की बीमारी हो सकती है।

किडनी ब्लड को फिल्टर करती है और टॉक्सिक पदार्थों को शरीर से पेशाब के माध्यम से बाहर निकाल देती है, जिससे हमें एक स्वस्थ व सेहतमंद जीवन जीने में मदद मिलती है। हालांकि, कई बार हमारी नियमित गतिविधियों की भूल चूक की वजह से किडनी प्रभावित हो जाती है। कुछ लोगों के एक किडनी पर असर पड़ता है, तो कुछ लोगों की दोनों किडनी खराब हो जाती है।



उन्होंने कहा कि किडनी धीरे-धीरे खराब होती है और कई लक्षणों को अपने साथ लेकर आती है, परंतु कुछ लोगों को यह बिना किसी संकेत के प्रभावित करती है जिससे कि लास्ट स्टेज में किडनी फेलियर का पता लगता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है अपने नियमित गतिविधियों की जांच करना।

शिविर में जिन लोगों की किडनी में प्रॉब्लम पाई गई उन्हें जांच और इलाज के लिए अस्पताल में रेफर किया गया। रोटरी क्लब के सदस्यों ने सर्वोदय अस्पताल का आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सहयोग कर रहा है। आने वाले दिनों में और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत ने लगाया दूसरा ब्लड डोनेशन कैंप

टीबीसी न्यूज







**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत की ओर से दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद के सौजन्य से नोएडा रोटरी ब्लड बैंक के माध्यम से कॉलेज परिसर में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में छात्रों के साथ आम लोगों ने रक्तदान किया। कैंप की शुरूआत मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गोयल, एम एल सी एवं चैयरमैन आरकेजीआईटी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे रो.प्रियतोष गुप्ता मंडलाध्यक्ष, रो. प्रशांत राज शर्मा मंडलाध्यक्ष 24-25, रो.मनोज अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर, रोटेरियन विवेक त्यागी असिस्टेंट गवर्नर उपस्थित थे।

वी सी शर्मा, डायरेक्टर, एच एस गर्ग डीन, आलोक त्यागी, डा.पूनम कुमार, प्रिया शर्मा, विभूति त्यागी, सभी ने दीप प्रज्वलित करके कैम्प की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रोटरी क्लब गाजियाबाद अनंत द्वारा इस शुभ कार्य हेतु कैंप आयोजित करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक यूनिट से कई जान बचाई जा सकती हैं। यह एक मानवता के लिए बहुत ही आवश्यक एवं महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही मंडलाध्यक्ष ने क्लब द्वारा इस दूसरे ब्लड डोनेशन कैंप के लिए बधाई देते हुए कहा कि गाजियाबाद अनंत समाज सेवा मे बढ चढ़कर संलग्न है। रो.प्रशांत राज ने क्लब गाजियाबाद अनंत के द्वारा लगातार प्रोजेक्ट किये जाने की सराहना की।

इस कैंप में रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के अध्यक्ष रो. डॉक्टर धीरज कुमार भार्गव, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के पूर्व अध्यक्ष रो. रवि बाली ने अपनी उपस्थिति से रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। डायरेक्टर वी सी शर्मा ने ब्लड डोनेट कर कैंप की शुरूआत की।

अध्यक्ष रो. अभिषेक जिंदल,रो. स्वाति जिंदल,रो. अंशुल गर्ग सचिव, रो. विनीत जैन क्लब ट्रेनर एवं क्लब के मीडिया प्रभारी रो.संदीप सिंघल ने बताया कि सबके योगदान से 282 यूनिट एकत्रित करके एक सफल कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब द्वारा प्रत्येक ब्लड डोनर को एक सर्टिफिकेट व खुबसूरत गिफ्ट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन रो दिनेश कुमार मित्तल ने किया और सभी को हार्दिक आभार प्रकट किया।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने देवरिया हत्याकांड पर सीएम को भेजा ज्ञापन



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** देवरिया जिले के थाना रुद्रपुर के फतेहपुर गांव में ब्राहमण परिवार के पांच सदस्यों की हत्या की घटना को लेकर ब्राह्मण समाज ने चिंता व्यक्त की है। ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की गाजियाबाद इकाई के बैनर तले ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने के साथ पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। संगठन के मुख्य संरक्षक पं. जे के गौड़ ने कहा कि जमीनी विवाद में पुरानी रंजिश के चलते देवरिया में दो अक्टूबर को ब्राह्मण परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड से देशभर के ब्राह्मणों में रोष है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं गोपालदत्त शर्मा के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा, आदेश शर्मा, अमित भारद्वाज, गौरव कौशिक, सुभाष दुजाना, देवेंद्र कौशिक, राजीव शर्मा लोनी, राजेंद्र शर्मा, विपुल, विक्की, प्रशांत शर्मा, पारस कौशिक आदि शामिल थे।

# जिले में 31 अक्टूबर तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

टीबीसी न्यूज




**गाजियाबाद।** तीन से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।अभियान की शुरूआत जागरूकता रैली से की गई रामलीला मैदान घंटाघर में शहर विधायक अतुल गर्ग ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही सभी ने मृत्यु के बाद स्वम अंग दान करने व परिवार और मित्रों को अंगदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोगों को पूरी तरह से स्वस्थ करने के लिए प्रतिबद्ध है। मलेरिया, डेंगू आदि संचारी रोग पर नियंत्रण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन की दुकान पर चलेगा अभियान

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास के बाद भी आयुष्मान कार्ड बनाने का आंकड़ा लक्ष्य को नहीं छू पा रहा है। अब एक बार फिर से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलेगा। यह अभियान अक्टूबर माह के राशन वितरण होने वाली 10 से 15 तारीख के बीच चलाया जाएगा। इस बार यह विशेष अभियान राशन की दुकान पर चलाया जाएगा, जहां स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहेंगे।

भारत सरकार द्वारा छह या उससे अधिक सदस्यों वाले परिवार को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किए जाने के बाद, लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कुल 4.30 लाख नए अभ्यर्थियों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। पूर्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए अभियान में 1.80 लाख कार्ड ही बन बन सके थे। सीएमओ डॉक्टर भवतोष शंखधर ने बताया कि अक्टूबर माह के राशन वितरण के समय राशन की दुकान पर लाभार्थी को पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने और उसके बाद राशन प्राप्त करने के लिए कहा जाएगा। इसके लिए सभी 550 राशन दुकानों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से अन्य विभागों से भी सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में एएनएम और ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉक्टर चरण सिंह ने बताया आयुष्मान कार्ड बनाने में आपूर्ति विभाग का सहयोग लिया जाएगा। अक्टूबर माह के राशन का वितरण 10 से 15 तारीख के बीच होगा। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी राशन की दुकानों पर लगाई जाएगी। आयुष्मान कार्ड आयुष्मान भारत योजना से संबंध सरकारी और निजी चिकित्सालय में हर वर्ष लाभार्थी परिवार को 5 लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा देता है।

# ग्रेनो में कमर्शियल उपयोग के लिए अतिरिक्त भूमि दी जाएगी

टीबीसी न्यूज



**ग्रेटर नोएडा।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन टिलियन डॉलर की बनाने के लिए योगी सरकार प्रदेश को देश का कमर्शियल हब बनाने पर भी फोकस कर रही है। इसके तहत ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्रियल यूनिट लगाने वाले निवेशकों को एक खास स्कीम के जरिए उद्योग के अतिरिक्त भूमि के कमर्शियल उपयोग की भी अनुमति दी जाएगी। इस स्कीम में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन होगा जिसमें भूखंड प्राप्त करने वाले कोर इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस के अलावा दो कमर्शियल फैसिलिटीज का भी इन भूखंडों पर संचालन कर सकेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने सेक्टर 24 के प्लॉट नंबर 11-ए व बी, 12, 15 व 21-बी के औद्योगिक भूखंडों में 5 केटेगरी की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 28 सितंबर से शुरू हुई इस प्रक्रिया के अंतर्गत 80 से लेकर 151 करोड़ रुपए के बीच प्लॉट्स का प्रीमियम निर्धारित किया गया है जबकि रेट ऑफ अलॉटमेंट 15850 से 16000 रुपए के बीच रखी गई है।

जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ प्लॉट लेकर इंडस्ट्रियल यूनिट लगाने वालों को मिलेगा। इस परियोजना में प्लॉट्स लेने के इच्छुक आवेदक 20 अक्टूबर 2023 तक अप्लाई कर सकते हैं व अधिक जानकारी के लिए यीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।

यीडा की वेबसाइट पर मिक्स्ड लैंड यूज इंडस्ट्रियल प्लॉटिंग स्कीम के बारे में जारी की गई जानकारियों में प्लॉट्स के क्षेत्रफल, सेक्टर समेत कुल प्रीमियम के बारे में जानकारी दी गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 24 में प्लॉट नंबर 11-ए व बी, 12, 15 व 21-बी में 5 केटेगरीज की प्लॉटिंग्स के आवेदन मांगे गए हैं। इन प्लॉट्स में प्रिफरेंशियल लोकेशन चार्ज 5 से 10 प्रतिशत के बीच रखा गया है जबकि टोटल प्रीमियल प्राइस (पीएलसी के साथ) 80.32 करोड़ रुपए से लेकर 151.82 करोड़ रुपए के बीच रखी गई है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 24 में प्लॉट नंबर 11-ए व बी, 12, 15 व 21-बी में 5 केटेगरीज की प्लॉटिंग्स के आवेदन मांगे गए हैं। प्रिफरेंशियल लोकेशन चार्ज 5 से 10 प्रतिशत के बीच रखा गया है जबकि टोटल प्रीमियल प्राइस 80.32 करोड़ रुपए से लेकर 151.82 करोड़ रुपए के बीच रखी गई है।

# हाउस टैक्स जमा करने पर अब 31 अक्टूबर तक मिलेगी छूट

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों हुई गाजियाबाद नगर निगम की बैठक में 18 प्रस्तावों में से 16 को पास कर दिया गया। इसमें कुत्तों को लेकर भी नियमावली बनाई गई। इसी के साथ शहर में डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध लगाने पर भी फैसला किया गया है। बता दें कि गाजियाबाद में हाउस टैक्स जमा करने पर अब छूट भी मिलेगी।

गाजियाबाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में 16 प्रस्ताव पास किए गए हैं। हालांकि बैठक में कुल 18 प्रस्ताव रखे गए थे। जिन प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई थी, उनमें हाउस टैक्स में छूट का एक मुद्दा भी शामिल था। बता दें कि अब तक गाजियाबाद में 30 सितंबर तक हाउस टैक्स जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट मिल रही थी। इसी के साथ अब 31 अक्टूबर तक हाउस टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी और उसके बाद जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

आपको बता दें कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में कुत्तों को लेकर भी एक नियमावली बनाई गई थी। जिसके अंतर्गत कुत्ता पालने को लेकर कुछ नियम बनाए गए थे। इसी दौरान शहर में डीजल जनरेटर से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए भी नियम बनाए गए हैं। एक अक्टूबर से शहर में डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ग्रेप योजना के अंतर्गत अब गाजियाबाद में आवासीय, औद्योगिक और किसी भी प्रकार के संस्थानों में डीजल जनरेटर को प्रतिबंधित कर दिया गया है इसके स्थान पर बायो फ्यूल या सीएनजी से चलने वाले जनरेटर का प्रयोग किया जा सकता है। ग्रेप योजना के अंतर्गत एक अक्टूबर से कोयला या भट्टी कूड़ा जलाने और किसी भी प्रकार का प्रदूषण करने पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान उल्लंघन करने पर नगर निगम द्वारा चालान काटने का भी प्रावधान किया गया है।

# रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर ने रहम और छह क्लबों के साथ बिसरख अस्पताल के टीबी मरीजों को दिया पौष्टिक आहार





























रोटरी क्लब के **पीडीजी अशोक अग्रवाल** का कहना है कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप रोटरी क्लब देश से टीबी के रोग को खत्म करने का संकल्प लिया है। इसके तहत टीबी मरीजों के इलाज में हर तरह का सहयोग किया जा रहा है। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने उल्लेखनीय कार्य किया है।



**एजी नरेश ढींगरा** ने कहा कि पोलियो की तरह टीबी को भी देश से जड़मूल खत्म किया जाएगा। इसके लिए सरकार और सामाजिक संगठन जैसे रोटरी क्लब की ओर से पूरा प्रयास किया जा रहा है। 2025 तक देश से टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य में रोटरी क्लब सहयोग करेगा।

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद अशोका, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद आस्था, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब आफ सनरेज, रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली ईस्ट एंड और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन ने आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन के सहयोग से गुरुवार को बिसरख अस्पताल, गौतमबुद्धनगर में टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार का वितरण किया। इस अभियान में इंटरैक्ट क्लब आफ जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, रोटैरेक्ट क्लब आफ जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस इंदिरापुरम और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, वसुंधरा ने सहयोग किया। मुख्य अतिथि गौतमबुद्ध नगर के चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ सचिंद्र कुमार मिश्रा और डिस्ट्रिक्ट 3012 के पीडीजी अशोक अग्रवाल ने टीबी के मरीजों को पुष्टाहार वितरित किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में रोटेरियन संजय बाली और एजी रोटेरियन नरेश ढींगरा ने भी टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार के पैकेट्स दिए। अभियान के तहत गुरुवार को बड़ों और बच्चों को मिलाकर कुल 50 टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार दिए गए। आरएचएएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने सभी अतिथियों को पौधा भेंटकर स्वागत किया। आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से 1100 से अधिक टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। इन मरीजों को लगातार न्यूट्रीशन फूड्स दिए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी टीबी मरीजों को गोद लिया जाएगा। प्रधानमंत्री के संकल्प को, जिसमें उन्होंने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने की बात कही हैं, पूरा करने के लिए रोटरी क्लब ने संकल्प किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आरएचएएम फाउंडेशन ने जिला एमएमजी अस्पताल के टीबी मरीजों को खाने के लिए न्यूट्रीशन फूड्स दिए। आरएचएएम फाउंडेशन केंद्र सरकार के टीबी उन्मूलन अभियान के साथ जुड़ा है। एनसीआर के अस्पतालों में टीबी मरीजों को न्यूट्रीशन फूड्स देने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभियान शुरू किए हैं। एक ओर जहां स्कूली बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी जा रही है, वहीं, फाउंडेशन की ओर के समाज के गरीब तबकों की महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स भी दिए जा रहे हैं। समय-समय पर खाने के पैकेट्स और अन्य सामग्री भी दी जा रही है। फाउंडेशन की ओर से हाल ही में वसुंधरा सेक्टर 12 और हिंडन स्थित कुष्ठ आश्रम में भोजन के पैकेट व दूसरे सामान दिए गए थे। कोरोना के दौरान मरीजों को ऑक्सीजन कंसंट्रेशन भी दिए गए। इस मौके प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर और जिला क्षय अधिकारी गौतमबुद्धनगर डॉ. आर पी सिंह, योगेश शर्मा, कंबूज पांडेय, देवेंद्र कुमार, आरएचएएम के सचिव दयानंद शर्मा, कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सनरेज दीपिका मित्तल, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल रेखा गर्ग, रोटरी क्लब आफ दिल्ली इस्ट एंड यतिंदर कालरा और रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन कोमल जैन, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद अशोक की अध्यक्ष मीनू गर्ग, रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद आस्था की अध्यक्ष कविता गर्ग, आदि उपस्थित थे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.